भर्ती हेतु सूचना

परामर्शदाता– गुणवत्ता सुधार

सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने हेतु राज्यों को तकनीकी सहायता एवं क्षमता विकास में सहयोग प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत एक स्वायत्त पंजीकृत सोसायटी के रूप में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) का गठन किया गया है। एनएचएसआरसी को राष्ट्रीय रणनीतिक स्वास्थ्य नियोजन और कार्यक्रम डिजाइन में योगदान करने का भी दायित्व सौंपा गया है। एनएचएसआरसी में कार्यों को छह प्रभागों, नामतः– सामुदायिक प्रक्रियाएं, गुणवत्ता सुधार, जन स्वास्थ्य प्रशासन, स्वास्थ्य सेवाओं का वित्तपोषण एवं स्वास्थ्य सेवा प्रौद्योगिकी, और स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन में व्यवस्थित किया गया है।

एनएचएसआरसी, पूर्णतः संविदा आधार पर परामर्शदाता– गुणवत्ता सुधार के पद पर भर्ती करने का इच्छुक है।

कार्य का संक्षिप्त विवरण

राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन/राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को आरंभ किए जाने के बाद सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों में आने वाले व्यक्तियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। जबकि सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध सुविधाओं की गुणवत्ता अभी भी चिंता का विषय बनी हुई है। इन स्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्य देखभाल की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तकनीकी सहायता के साथ–साथ एनआरएचएम/एनएचएम–पीआईपी के कार्यक्रमों के माध्यम से राज्यों को सहयोग प्रदान करता रहा है।

अभ्यर्थी से अपेक्षा की जाती है कि वह एनएचएसआरसी की क्यूआई टीम में शामिल होगा, और राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम, कायाकल्प, लक्ष्य, स्वच्छ सवस्थ सर्वत्र इत्यादि को प्रभावी ढंग से आरंभ करने जैसे विविध कार्य करेगा। प्रशिक्षण देना, तकनीकी दस्तावेज तैयार करने में सहयोग करना, पैरवी करना उसके प्रमुख कार्य होंगे। इसके अतिरिक्त वह गुणवत्ता मानकों और इनके आकलन की प्रणाली को राज्यों की जरूरतों के अनुकूल बनाने हेतु जरूरी जांच–सूचियां तैयार करने, कार्यशालाओं एवं संगोष्ठियों का आयोजन करने, कमियों को दूर करने में स्वास्थ्य केंद्रों की सहायता करने और आवश्यकतानुसार प्रमाणन प्रक्रिया में सहयोग प्रदान करने का कार्य करेगा।

क्यूआई डिवीजन टीम राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों के अनुरूप स्वास्थ्य सुविधाओं के मूल्यांकन में सहयोग करने के लिए भी जिम्मेदार है। अभ्यर्थी को प्रमाणीकरण प्रक्रिया के समन्वय का कार्य सौंपा जा सकता है। अभ्यर्थी का कार्य बौद्धिक रूप से चुनौतीपूर्ण और उत्प्रेरक है, क्योंकि कोई भी दो परिस्थितियां एक जैसी नहीं होती। उसे स्वयं पहल करने वाला और अभिप्रेरित होना चाहिए, और किसी पर्यवेक्षण के बिना कार्य करने की क्षमता होनी चाहिए और आवश्यकतानुसार यात्रा के लिए तैयार रहना चाहिए।

भूमिकाएं और दायित्वः

- टीम में कार्य करना पसंद हो।
- अभ्यर्थी के प्रमुख दायित्वों में राज्यों और जिलों की यात्रा करना और गुणवत्ता आश्वासन (क्यूए) प्रशिक्षण प्रदान करना शामिल होगा, अतः अभ्यर्थी के पास भाषा (हिंदी और अंग्रेजी)– मौखिक एवं लिखित दोनों पर उत्कृष्ट नियंत्रण सहित प्रशिक्षण देने का कौशल होना चाहिए।
- राज्यों, जिलों और दुर्गम क्षेत्रों में स्थित स्वास्थ्य केंद्रों की यात्रा करने का इच्छुक।
- मसौदा लेखन और रिपोर्ट तैयार करना।
- प्रशिक्षणों के लिए संसाधन सामग्री का विकास और समीक्षा करना।
- राज्यों और जिलों की गुणवत्ता इकाइयों के संचालन में राज्यों और जिलों को तकनीकी सहायता प्रदान करना।
- स्वास्थ्य सुविधाओं केंद्रों के प्रमाणन मूल्यांकन के संचालन के लिए का राज्य और बाह्य मूल्यांकनकर्ताओं के बीच समन्वय करना।
- सलाहकार–गुणवत्ता सुधार द्वारा सौंपे गए कोई अन्य कार्य करना।

योग्यताएं एवं अनुभवः

- किसी मान्यताप्राप्त संस्थान से चिकित्सा/दंत चिकित्सा/आयुष/नर्सिंग में स्नातक उपाधि।
- किसी प्रतिष्ठित संस्थान से अस्पताल/स्वास्थ्य सेवा प्रबंध में दो वर्षीय पूर्णकालिक स्नातकोत्तर उपाधि (या समकक्ष)
- स्नातकोत्तर उपाधि (एमएचए या समकक्ष) के उपरांत ऐसी परियोजनाओं में कार्य करने का न्यूनतम तीन वर्षों का अनुभव, जिसके फलस्वरूप राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों (एनक्यूएएस)/एनएबीएच/जेसीआई के अनुसार स्वास्थ्य केंद्रों को मान्यता/प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।
- उत्कृष्ट संप्रेषण कौशल – मौखिक (हिंदी एवं अंग्रेजी) और लिखित (अंग्रेजी)
- एम–एस ऑफिस पैकेज में प्रवीणता।
- फील्ड कार्य का अत्यधिक अनुभव रखने वाले योग्य अभ्यर्थियों को उपर्युक्त मानदंडों में ढील दी जा सकती है।
- उन अभ्यर्थियों को वरीयता प्रदान की जाएगी, जिन्होंने प्रत्यक्ष रूप से राष्ट्रीय/राज्य/जिला स्तर पर सौंपे गए कार्य किए हों, जिसके फलस्वरूप एनक्यूएएस के अनुरूप प्रमाण पत्र जारी किया गया हो।

नोटः

- केवल संक्षिप्त सूचीबद्ध अभ्यर्थियों को आगे की परीक्षाओं और साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।
- अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा में भाग लेने के लिए कहा जा सकता है।
- अभ्यर्थियों को सार लेखन और/या उसके बाद अंग्रेजी/हिंदी में किसी विषय पर मौखिक प्रस्तुति के लिए भी कहा जा सकता है
- अभ्यर्थी को चयन के 4–6 सप्ताह के भीतर कार्यग्रहण करना होगा। तीन महीने की परिवीक्षा अवधि है।
- सरकार/निगम/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में कार्यरत आवेदकों से साक्षात्कार के समय 'अनापत्ति प्रमाण पत्र' प्रस्तुत करना होगा।
- उच्च गुणवत्ता वाले प्रकाशित कार्य या सुसंगत कार्य अनुभव रखने वाले अभर्थियों को औपचारिक शैक्षणिक योग्यता और अनुभव में ढील दी जा सकती है।

आयु सीमाः अधिकतम 40 वर्ष और यात्रा करने के लिए पूर्णतः स्वस्थ। उपयुक्त अभ्यर्थी के लिए आयु सीमा में ढील दी जा सकती है।

कार्य स्थलः नई दिल्ली, आवश्यकतानुसार राज्यों एवं जिलों की अत्यधिक यात्रा करनी होगी। यात्रा की अवधि महीने में 50 प्रतिशत समय तक, और चुनौतीपूर्ण स्थानों की हो सकती है।

पारिश्रमिक सीमाः प्रतिमाह 44,000/– रु. से 99,000/– रु. के बीच

आवेदन करने के लिएः अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **7th February 2019** तक recruitment.qi.nhsrc@gmail.com पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।